हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 197 देहरादून, सोमवार, 29 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



अगस्त्यमुनि में आयोजित भव्य रोड शो मुख्यमंत्री धामी ने किया प्रतिभाग 3

# मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में किया प्रतिभाग

## अगस्त्य ऋषि की तपस्थली से सीएम धामी ने किया 467 करोड़ 78 लाख रुपये की योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जनपद रुद्रप्रयाग में नारी शक्ति वंदन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग में किया प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रुपये 467 करोड़ 78 लाख की 27140 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग पर्यटन विभाग की ओर से तैयार कॉफ़ी टेबल बुक का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दुग्ध विभाग एवं सीएसआर के माध्यम से संचालित अत्याधुनिक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की। जिसमें मन्दाकनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगिक विकास मेला, अगस्तमुनी को राजकीय मेला घोषित किया जाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्तमुनि में आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति किये जाने, गौरीकुण्ड में स्थित माँ गौरी के मन्दिर का सौन्दर्याकरण किये जाने, द्वितीय केदार मद्यमहेश्वर धाम को विकसित किये जाने, दशज्यूला क्षेत्र के स्थान जागतोली में मिनी स्टेडियम की स्थापना किये जाने, छेनागाड पेयजल योजना का निर्माण किये जाने, राजकीय पालीटेक्निक चोपता के भवन का निर्माण किये जाने, अगस्तमुनी खेल मैदान से चाका हेतु मोटर पुल का निर्माण किये जाने, लमगौण्डी देवलीघडी ग्राम तीनसोली मोटर मार्ग का नाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादी मुठभेड में शहीद हवलदार देवेन्द्र सिंह राणा के नाम पर किये जाने के साथ ही भीरी- मक्कू मोटर मार्ग से परकण्डी सिरवा तक 2 किलोमीटर मोटर मार्ग की प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान करने एवं ऊखीमठ में गुप्तकाशी जाखधार त्यूडी मोटर मार्ग से देवर मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य किये जाने की घोषणा शामिल है।

**हज़ारों की संख्या में स्थानीय जनता ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत, प्रदेश में जल्द लागू होगी यूसीसी**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचप्रयागों में से एक प्रयाग होने के कारण इस भूमि का स्थान उत्तराखण्ड में ही नही बल्कि भारत में भी अति विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसी सिद्ध भूमि पर आने और यहां मातृशक्ति को समर्पित ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग कार्यक्रम के तहत जन कल्याण की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने का अवसर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा पूरे उत्तराखंड का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि रुद्रप्रयाग जिले का सर्वांगीण विकास हो और यह क्षेत्र उन्नति के नए शिखर छुए।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मातृशक्ति सही अर्थों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल'' के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज या किसी भी राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के दुर्गम गांव-गांव में महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर कुटीर उद्योगों के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रही हैं। महिलाओं के पास कौशल की कभी कोई कमी नहीं रही और अब यही कौशल उनकी और उनके परिवारों की आर्थिकी को शक्ति प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनो की इस परेशानी को समझा तो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने, उनके नेतृत्वकाल में आज देशभर में करीब 23 करोड़ महिलाओं को जन धन खातों के जरिए बैंकों से जोड़ा जा चुका है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी योजना, नंदा गौरा मातृवंदना योजना और महिला पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं।

उन्होंने कहा कि बतौर मुख्यसेवक ₹मेरा ये प्रयास रहा है कि प्रदेश की जनता के हितों के लिए जो भी आवश्यक कदम हों, बिना देरी के उठाएं जाएं।₹ उन्होंने कहा एक ओर जहां उत्तराखण्ड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया, प्रदेश में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई की गई, वहीं भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी पहली बार कार्रवाई करने से हम पीछे नहीं हटे, इसके साथ ही हमने प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी प्रारंभ की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार को समान नागरिक संहिता का जल्द ड्राफ्ट मिल जाएगा, जिसके बाद जल्द समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा ने बीते वर्ष रिकॉर्ड पार किए इस वर्ष सरकार यात्रा को और बेहतर तरीक़े से सुविधाओं को विकसित करने जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल में प्रदेश सरकार उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जिसके तहत 50 देशों के निवेशकों ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में वेडिंग डेस्टिनेशन को विकसित करने के लिए भी मिशन मोड में काम कर रही है।

इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री का जनपद आगमन पर स्वागत करते हुए जनपद के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। विधायक केदारनाथ शैला रानी रावत ने केदारनाथ धाम यात्रा में नया कीर्तिमान स्थापित होने पर मुख्यमंत्री धामी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि धामी जी के नेतृत्व में करीब 20 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन किए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने जनपद के विकास के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे कार्यों पर धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर दर्जा धारी राज्यमंत्री अजेन्द्र अजय, चण्डी प्रसाद भट्ट, प्रदेश गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा नौटियाल, भाजपा ज़िलाध्यक्ष महावीर पवार, ज़िलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान मौजूद रहे।





### सीएम धामी ने किया गार्ड ऑफ़ ऑनर में शामिल समस्त महिला पुलिसकर्मियों को नक़द पुरस्कार से सम्मानित

रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग में ब्वै, ब्वारी, नौनी कौथिग कार्यक्रम के अवसर पर गार्ड ऑफ़ ऑनर में शामिल समस्त महिला पुलिसकर्मियों अगस्त्यमुनि डिग्री कॉलेज मैदान में नक़द पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक समेत अन्य महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद रहीं।

# सीएम धामी ने जाखन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109 वां संस्करण सुना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जाखन, देहरादून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109 वां संस्करण सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों के ऐसे प्रयासों को सामने लाया जा रहा है,जो निस्वार्थ भावना के साथ समाज और देश को सशक्त करने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आज पद्म सम्मान प्राप्तकर्ताओं का जिक्र किया। पद्म पुरस्कार पाने वाले अधिकतर लोग, अपने-अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि आज हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों का जिक्र किया। उत्तराखण्ड में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखण्ड का अधिकांश भाग वनों से आच्छादित है। राज्य में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। आयुर्वेद की संभावनाओं को बढ़ाने के राज्य में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से साज सेवा के लिए विशिष्ट कार्य करने और जन सरोकारों से जुड़े अभियानों में सराहनीय कार्य करने वालों को आगे लाने का कार्य किया है। इससे समाज में अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर भी प्रदान किये।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।




# "राष्ट्रीय एकता यात्रा" पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने की राज्यपाल से भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में "राष्ट्रीय एकता यात्रा" पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के "ऑपरेशन सद्भावना" के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख के फोबरांग क्षेत्र के 4 शिक्षकों के साथ 16 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। यह छात्र-छात्राएं पहली बार लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर नई दिल्ली, आगरा सहित देहरादून स्थित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य यहां की संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ ज्ञानार्जन एवं कैरियर के अवसरों को अर्जित करने हेतु निकट से जानने एवं समझने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

311 मध्यम रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक दत्ता और कैप्टन सिमरन कौर के नेतृत्व में लद्दाख दुर्गम, विरल और सुदुर क्षेत्र से आए यह बच्चे



राज्यपाल से मिलकर बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बच्चों से वार्तालाप की और उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें और बड़े-बड़े सपने देखें और फिर सपने को साकार करने के लिए खूब मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने कश्मीर और लद्दाख में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी।

# उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा कार्यकारी शाखा संघ के पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह यसे (से नि) से राजभवन में उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा कार्यकारी शाखा संघ के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। पदाधिकारियों ने राज्यपाल को वार्षिक अधिवेशन की जानकारी दी और संघ की वार्षिक पत्रिका ₹आरोही₹ भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि आप सभी अधिकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा समन्वय स्थापित करेंगेए जनहित में कार्य और तेजी से होंगे।

राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के अधिकारी बेहतर कार्य कर रहे हैं और वे विश्वसनीयता और निर्भरता में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन को मिले आप सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल करें और गुड गवर्नेंस पर फोकस किया जाय। उन्होंने कहा वर्ष 2023 में उत्तराखंड ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें सभी अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अधिकारियों से इसी



लगन और सेवाभाव से कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा यकार्यकारी शाखा संघ के अध्यक्ष गिरधारी सिंह रावतए उपाध्यक्ष डॉ ललित नारायण मिश्राए प्रताप शाह एवं पीसीएस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### संतों ने सुनी पीएम के मन की बात

हरिद्वार। प्राचीन अवधूत मण्डल आश्रम में संतों और भक्तों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। बाद में भक्तों को संबोधित करते हुए महामण्डलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश ने कहा कि भारत को देश की आजादी के बाद से अब तक का सब से ताकतवर प्रधानमंत्री मिला है। अनुच्छेद-307 को हटाना और अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन जाना पूरी दुनिया के सामने एक ममबूत उदाहरण है। संत समाज पूरी तरह धर्म और देश के कार्य के लिए सरकार के साथ खड़ा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मण्डल संजीव चौधरी, सचिन चाहल, अंकुर, मानवेंद्र, सोनू, गोविंद, कुलदीप,अरविंद कुमार, पुष्पेंद्र गुप्ता, संजीव कुमार व आश्रम के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### फायरिंग मामले में 50से अधिक लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। बाण गंगा में जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में आठ नामजद और 50 से अधिक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाण गंगा में एक भूमि पर दो पक्षों में पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि शानिवार सुबह एक पक्ष के लोग जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पहुंचे। खड़ी फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। इसका पता चलने पर दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। इस दौरान एक पक्ष की ओर से कई राउंड हवाई फायरिंग की गई। जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर एसआई महेंद्र सिंह पुंडीर पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे।

### राजकीय महाविद्यालय को मिला बी ग्रेड

कोटद्वार। डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार को गुणवत्ता परक शिक्षा एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद (नैक) की ओर से बी ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर दून विश्वविद्यालय देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार व महाविद्यालय के नैक कोर्डिनेटर डा. प्रवीन जोशी को पुरस्कार प्रदान किया। बताते चलें कि पिछले वर्ष अक्तूबर माह में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता आकलन के लिए नैक ने पाठ्यक्रम व शैक्षणिक स्तर, छात्र उन्नयन, शोध व नवाचार, आधारभूत संरचना और सुशासन आदि विभिन्न मानकों के लिए महाविद्यालय का दो दिवसीय निरीक्षण किया था। इसमें महाविद्यालय को 2.49 सीजीपीए के साथ बी ग्रेड प्राप्त हुआ था। 25 जनवरी को दून विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह ने महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार एवं महाविद्यालय के नैक कोर्डिनेटर डॉ. प्रवीन जोशी को पांच लाख रुपये का चेक एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) टीम, समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों को इसका श्रेय दिया।

### छात्रों की भूख हड़ताल समाप्त

कोटद्वार। श्री देव सुमन विवि प्रशासन द्वारा राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के वंदे मातरम छात्र संगठन की मांग को मान लेने के बाद छात्रों ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. एम डी कुशवाहा ने शनिवार देर शाम को आंदोलनरत छात्रों को जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। राजकीय महाविद्यालय के छात्र पोस्ट ग्रेजुएशन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तिथि बढ़ाने, समर्थ पोर्टल पर आ रही समस्याओं को दूर करने व छात्रों से लिए गए अतिरिक्त पंजीकरण शुल्क को वापस करने की मांग को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में भूख हड़ताल पर बैठे थे। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए विवि प्रशासन ने परीक्षा तिथि एक सप्ताह आगे बढ़ा दी। छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि विवि प्रशासन ने परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की तिथि में बदलाव कर दिया है। अब परीक्षाएं एक सप्ताह बाद होंगी। वहीं समर्थ पोर्टल को भी खोल दिया गया है। इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु बहुखंडी, अंकुश घिल्डियाल, शुभम सुयाल और पारस नेगी आदि छात्र मौजूद रहे।

### पुलिस जवानों को दिया प्रशिक्षण

उत्तरकाशी। एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने हेतु तैयारियां शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने कार्ययोजना पर काम शुरू करते हुए विभिन्न थानों में पुलिस जवानों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया।लोकसभा चुनाव के नोडल अधिकारी व सीओ उत्तरकाशी प्रशान्त कुमार ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में कोतवाली मनेरी पर थाना हर्षिल व मनेरी के पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को स्टेटिक सर्विलांस तथा फ्लाइंग स्क्वाड से संबंधित प्रशिक्षण दिया। वहीं कोतवाली उत्तरकाशी व थाना धरासू पर पुलिस जवानों को स्टेटिक सर्विलांस तथा फ्लाइंग स्क्वाड का प्रशिक्षण दिया।

# अगस्त्यमुनि में आयोजित भव्य रोड शो मुख्यमंत्री धामी ने किया प्रतिभाग

## हज़ारों की संख्या में स्थानीय जनता ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत







रुद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रुद्रप्रयाग पहुँचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्राचीन देवल से अगस्त्यमुनि के खेल मैदान तक आयोजित विशाल रोड शो कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान यहां हजारों की संख्या में स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत किया। रोड शो में मुख्यमंत्री के साथ विधायक भरत चौधरी, विधायक केदारनाथ शैला रानी रावत, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर पवार मौजूद रहे।

# देवप्रयाग पौड़ी सडक़ मार्ग की बदहाली पर भडक़े स्थानीय लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना से देवप्रयाग पौड़ी सडक़ मार्ग की बदहाली पर कोट ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष व प्रधान अध्यक्ष ने नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेलवे विकास निगम के खिलाफ नारेबाजी की। रविवार को कोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व प्रधान संघ अध्यक्ष विजय दर्शन बिष्ट की अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और लोगों ने बदहाल सडक़ के सुधारीकरण न होने होने पर मुख्यमंत्री के पौड़ी दौरे के दौरान उनके घेराव की चेतावनी भी दी। रेलवे परियोजना के तहत नगर पालिका देवप्रयाग के वार्ड चार स्थित सौड़ में सुरंग का निर्माण चल रहा है, प्रधान संघ के अध्यक्ष विजय दर्शन बिष्ट ने कहा कि परियोजना का भारी सामान लदे बड़े बड़े ट्रकों के कारण उक्त सडक़ की स्थिति करीब 10 किमी. तक खस्ताहाल हो चुकी है। सडक़ पर पड़े भारी गड्ढ़ों के कारण आये दिन दिन दुर्घटनायें हो रही हैं, लेकिन रेलवे विकास निगम इसकी लगातार अनदेखी किये हुए है। कहा लगातार धूल उडने से सौड़ गांव वासियों और उक्त सडक़ से गुजरने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे लोगों के स्वास्थ पर बुरा असर पड़ रहा है। आक्रोशित लोगों मौके पर मनाने रेलवे अधिकारी पहुंचे, लेकिन क्षेत्रवासी उनके खिलाफ लगातार नारेबाजी करते रहे। क्षेत्रवासियों के भारी विरोध को देखते रेलवे अधिकारियों द्वारा सडक़ मरम्मत का लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। प्रधान संगठन के अध्यक्ष ने कहा कि जल्द मामले का निस्तारण नहीं होता है, तो समस्त कोट ब्लॉक की जनता आंदोलन के लिये बाध्य होगी। मौके पर मोहित सिंह, जिपंस कुलदीप रावत, प्रतीक बिष्ट, आयुष भंडारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजेश भंडारी, अंकित सुंदरियाल, भरत सिंह, देवेंद्र, शुभम उपाध्याय, संघर्ष बिष्ट आदि शामिल थे।

## झबरेड़ा पुलिस ने पांच हजार का इनामी दबोचा

रुडक़ी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिकअप सवार पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जबकि उसके दो साथी पुलिस को चकमा देकर गन्ने के खेतों में घुसकर फरार हो गए। गिरफ्तार बदमाश की निशानदेही पर पुलिस ने पचास हजार रुपये भी बरामद किए है। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि इकबालपुर के पास गांव मौलना मार्ग पर शनिवार देर शाम पुलिस चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान गांव मौलना की ओर से एक पिकअप वाहन आ रहा था। पुलिस को देखकर चालक पिकअप वाहन को दूसरी ओर मोडने लगा। पुलिस ने शक होने पर आवश्यक बल प्रयोग कर पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेकर चालक को पकड़ लिया। पूछताछ में पिकअप वाहन चालक पांच हजार का इनामी बदमाश शाहरुख बंजारा उर्फ चांद मोहम्मद पुत्र अली हसन निवासी कैलाशपुर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निकला। पिकअप वाहन के पीछे-पीछे बाइक पर उक्त बदमाश के दो साथी भी आ रहे थे, जो पुलिस को देखते ही बाइक को सडक़ पर छोडक़र गन्ने के खेतों में होते हुए भाग निकले।

## सेंट एंथोनी के छात्र प्रधानमंत्री परीक्षा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

नई टिहरी। सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के दो छात्रों के मॉडल को केरल में संपन्न हुई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के उत्तर क्षेत्र में पहला स्थान मिला है। प्रदेश स्तर पर भी छात्रों के मॉडल सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था। 29 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में दोनों छात्र हिस्सा लेंगे। नई टिहरी के ढुंगीधार स्थित सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के निदेशक गौतम बिष्टे ने बताया कि कक्षा 12वीं के छात्र प्रियांशु गुसाईं और अभिषेक बेलवाल का विज्ञान मॉडल वाईफाई कार बीते सप्ताह केरल में संपन्न हुई, राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्तरी क्षेत्र में पहले स्थान मिला है। बताया उक्त कार का मॉडल वाइफाइ के जरिए कार की स्पीड, लोकेशन आदि के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। बताया बाल विज्ञान कांग्रेस सहित विज्ञान महोत्सव में दोनों छात्रों के मॉडल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था। 29 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हेतु दोनों छात्रों का फ्यूचर टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट के तहत चयन हुआ है। शनिवार को दोनों छात्र परीक्षा कार्यक्रम हेतु दिल्ली रवाना हो गए हैं। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल सेमल्टी, शिक्षक दाताराम जुयाल, अनीता राणा, अनुराधा बधानी, राजीव रावत,रघुवर गुसाईं, रविंद्र चौहान,राजी रावत,जगदीश झल्डियाल, अरविंद रावत आदि ने खुशी जताई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बडक़ोट में छात्रावास की बालिकाओं को बांटे हीटर और गर्म चादरें

उत्तरकाशी। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास टाइप प्रथम (जूनियर सेक्शन) गंगनानी बडक़ोट में वार्डन के जिला मुख्यालय अटैच होने के बाद बालिकाओं के लिए सर्दी में उपलब्ध हीटर और गर्म चादर जो स्टोर रूम में बंद थे, वो सुविधा उपजिलाधिकारी के निर्देश पर बालिकाओं को उपलब्ध करवा दिए गये हैं। मालूम हो कि छात्रावास में कड़ाके की ठंड में व्यवस्था न मिलने से कई बालिकाओं की तबियत बिगड़ी तो उपजिलाधिकारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने नजदीकी चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण करवाते हुए इलाज करवाया। दरअसल, लंबे समय से कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास टाइप प्रथम (जूनियर सेक्शन) गंगनानी बडक़ोट में तैनात वार्डन की शिकायतें मिल रही थी। अचानक उपजिलाधिकारी मुकेश रमोला और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजीत भंडारी ने औचक निरीक्षण कर भारी अव्यवस्था पाई तो वार्डन को तत्काल हटाते हुए कार्यवाही की गयी। बालिकाओं को सभी सुविधा मिलने का आश्वासन दिया गया। बालिकाओं के लिए हीटर और गर्म चादर न दिए जाने के बारे खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद उपजिलाधिकारी ने नवीन प्रभार देख रहे वार्डन को सर्दियों से बचने के लिए स्टोर रूम में रखे हीटर और गर्म चादर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, जो सभी बालिकाओं को उपलब्ध करवा दिए गये। इतना ही नहीं उपजिलाधिकारी द्वारा बालिकाओं को रजाई की व्यवस्था भी करवाई गई जिससे कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में पढने वाली बालिकाएं बेहद खुश हैं।

### प्रकृति की रक्षा के लिए सभी को आगे आना होगा: भूपेंद्र यादव

ऋषिकेश। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव परमार्थ निकेतन पहुंचे। उन्होंने विश्व कल्याण के लिए परमार्थ निकेतन में गंगा आरती की। रविवार को श्रम और रोजगार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव परमार्थ निकेतन पहुंचे। वहां उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में गंगा आरती की। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। प्रकृति के माध्यम से हम अपनी और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रख सकते हैं। स्वामी चिदानन्द ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय खतरों से निपटने के लिये सभी को समेकित प्रयास करना होगा, क्योंकि पर्यावरण की क्षति जीवन व जीविका दोनों को प्रभावित कर रही है। उन्होंने भूपेन्द्र यादव को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया।

### संपत्ति विवाद में दो भतीजो पर मुकदमा दर्ज

रुडक़ी। बहन ने अपने भाई के दो पुत्रों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कराया है। रुडक़ी कोतवाली को सिविल अस्पताल के पीछे द्वारिका ग्रीन कोतवाली गंगनहर निवासी नीलम वालिया ने बताया कि पैतृक संपत्ति को लेकर भाई विजय कुमार वालिया से विवाद है। आरोप है माता पिता की मृत्यु के बाद भाई ने पैतृक संपत्ति पर कब्जा करने का षड्यंत्र रचा। अब बिना परिवार के सदस्यों की अनुमति से पैतृक संपत्ति को बेचा जा रहा है। जिसके लिए फर्जी कागजात भी तैयार कराए गए हैं। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि विपिन और विकास वालिया पुत्र विजय कुमार निवासी सोत मोहल्ला कोतवाली रुडक़ी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान में मांगा सहयोग

रुडक़ी। पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय लोगों के साथ बैठक की है। इस दौरान पुलिस ने यातायात नियमों और नशे के खिलाफ अभियान में लोगों से भी सहयोग मांगा। रविवार को कोतवाली परिसर में आयोजित गोष्ठी में पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए क्षेत्रीय जनता से सहयोग की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने गोष्ठी में मौजूद लोगों के विचार भी सुने और उन्हें यातायात के नियमों के बारे में बताया। पुलिस ने साइबर अपराध को रोकने को लेकर भी जागरूक किया। पुलिस ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अपील कर कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। गोष्ठी के बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक धर्मेंद्र राठी, प्रदीप कुमार, समय सिंह, विनोद, सतपाल, मासूम अली, मोहम्मद अली, इमरान अहमद, राकेश कुमार, विजय धीमान, संदीप कुमार, अनिल कुमार, राजू, संतोष, आदित्य और शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील

रुडक़ी। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर शमीम अल्वी ने कहा है कि कांग्रेस ही देश को सही मार्ग पर ले जाने का काम कर सकती है। जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है उससे जनता पूरी तरह से परेशान हो चुकी है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव और मंगलौर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जीताकर सदन में भेजने का कस्बावासियों से अह्वान किया है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन ने भी संबोधित किया। उनके ओर से किए गए अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों को जनता के सामने रखा गया। इस अवसर पर रुडक़ी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष चौ. इस्लाम, शाह वकार चिश्ती, परवेज अहमद, मोनू प्रधान, डॉ. शराफत अंसारी, इरशाद कुरैशी, शाहनवाज, हाजी मंसूर, मौ. अंसारी, फरमान खान, नवाज काजमी, सुलेमान राणा, मसरूर अहमद और शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

### गन्ने से भरे ट्रैक्टर के कुचलने से फैक्ट्रीकर्मी की मौत

रुडक़ी। देर शाम गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्राली ने लक्सर फ्लाईओवर पर बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में बाइक चला रहे बिहार के युवक की ट्रैक्टर के कुचलने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। मृतक लक्सर की टायर फैक्ट्री में नौकरी करता था। जिला सिवान (बिहार) में हुसैनगंज थाने के बघौनी गांव का 38 वर्षीय मनोज यादव पुत्र राम किशोर यादव कई साल से लक्सर की एक टायर फैक्ट्री में काम करता था। वह परिवार सहित यहीं रहता था। 4-5 साल पहले उसने लक्सर में एक मकान का सौदा कर करीब सवा लाख रुपये उसके मालिक को दिए थे। पर मालिक ने उसे न मकान दिया, न उसकी रकम लौटाई। मनोज ने पुलिस से इसकी शिकायत की थी। शनिवार देर शाम वह बाइक से बाजार पुलिस चौकी होकर घर लौट रहा था। फ्लाईओवर पर गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। इसमें ट्रैक्टर के कुचलने से मनोज की वहीं मौके पर मौत हो गई। चौकी प्रभारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली पुलिस के कब्जे में है।

# सुदूरवर्ती गांव घूनी रामणी में आयोजित हुआ बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर

## शिविर में 365 से अधिक लोगों को किया गया लाभान्वित




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। चमोली विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को जनपद के दूरस्थ गांव घूनी रामणी के राइका चौनघाट में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर 365 से अधिक ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही प्राधिकरण ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के तहत पॉक्सो अधिनियम, महिला सुरक्षा, बाल अधिकार, नशा मुक्ति, साइबर अपराध सहित विभिन्न विधिक कानूनों की जानकारी दी।

राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज चौनघाट में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ सिविल जज (सीडी) व विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने ग्रामीणों को प्राधिकरण की जानकारी देते हुए कहा की विधिक साक्षरता शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य हर कमजोर वर्ग के व्यक्ति तक सरलता से न्याय पहुंचाना है और 'न्याय चला निर्धन की ओर' की सार्थकता को सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण समाज के प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए कार्य कर रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पॉक्सो अधिनियम और वरिष्ठ नागरिक अधिनियम की भी विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण भी किया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 180 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान विभाग की ओर से 50 आभा और 50 आयुष्मान कार्ड निर्गत किए गए। होम्योपैथी विभाग ने 73, आयुर्वेद विभाग ने 76 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। पूर्ति विभाग की ओर से 25 ग्रामीणों को राशन कार्ड का सुधारीकरण किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से 17 लोगों को विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन की जानकारी दी गई। विधिक प्राधिकरण के स्टाल पर ग्रामीणों ने 200 से अधिक शिकायतें दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान जीआईसी चौनघाट के छात्र छात्राओं, स्थानीय महिला मंगल दलों और गोपीनाथ कला मंच की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, ग्राम प्रधान घूनी लखपत सिंह नेगी, जिला बार संघ अध्यक्ष भरत सिंह रावत, अधिवक्ता समीर बहुगुणा, ज्ञानेंद्र खंतवाल, रैजा चौधरी, शंकर मनराल, सतीश चमोली, हरीश रावत, हेमलता भट्ट, अनिता नेगी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुखवीर रौतेला ने किया।

# 29 जनवरी को जाएगी रामलला के दर्शन को स्पेशल ट्रेन अयोध्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। हरिद्वार से अयोध्या जाने वाली पहली विशेष अयोध्या धाम आस्था स्पेशल ट्रेन अब 29 जनवरी को हरिद्वार से रवाना होगी। अयोध्या में नव-निर्मित राम मंदिर के दर्शनार्थ उत्तराखंड से जाने वाले राम भक्त श्रद्धालुओं को पहले 25 जनवरी को इस ट्रेन से रवाना होना था। मगर अयोध्या में भीड़-भाड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के आग्रह पर इस ट्रेन को रि-शेड्यूल किया गया है। दूसरी ट्रेन पर भी फैसला जल्द होने की उम्मीद है। दून से करीब 100 श्रद्धालुओं को दो बसों के जरिए हरिद्वार पहुंचाया जाएगा। जहां पर उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, ऋषिकेश, मसूरी, विकासनगर, डोईवाला, चकराता आदि के आरएसएस कार्यकर्ता भी इस जत्थे में शामिल होंगे। हरिद्वार से 22 कोच वाली ट्रेन में कुल मिलाकर 1460 यात्री अयोध्या के लिए रवाना किए जाएंगे।

देहरादून में सभी यात्रियों को 29 जनवरी दोपहर 12 बजे तक राजपुर रोड स्थित विश्व संवाद केन्द्र में पहुंचने को कहा गया है। आरएसएस के प्रान्त मीडिया संवाद प्रमुख बलदेव पराशर ने बताया कि साधारण श्रेणी की स्लीपर कोच ट्रेन में यात्रियों को भोजन, चादर, तकिया और कंबल संघ परिवार की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा।

अयोध्या में रहने और दर्शन का जिम्मा विहिप व मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से किया गया है। अयोध्या जाने वाले यात्रियों की सूची में राम मंदिर आंदोलन के लिए कारसेवा करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी गई है।

# पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। आज पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश के मध्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के नेतृत्व में एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुआ जिसके तहत तीनों संस्थान जनजाति विकास, औषधि, आजीविका अभिवृद्धि एवं संबंधित शोध कार्यों को मिलकर कर सकेंगे। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि तीनों संस्थान मिलकर मिल्लेट्स, अराकू कॉफी (रह्म्ड्डद्मड्डह्व ष्टशद्घद्घद्दद्ध) से संबंधित शोध कार्यों को गति देने पर मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनजातीय समूहों को जोडक़र कार्य किया जाएगा। आचार्य जी ने कहा कि इस सम्पूर्ण कार्य योजना में पतंजलि की अहम भूमिका होगी। शोध कार्यों के अतिरिक्त पतंजलि त्रद्गश-ह्लड्डद्दद्बठ्ठद्द, रूड्डह्म्द्मद्गह्लद्बठ्ठद्द, क्कड्डष्द्मड्डद्दद्बठ्ठद्द, क्चहम्ड्डठ्ठस्रद्बठ्ठद्द संबंधित सभी विषयों पर कार्य करेगी। साथ ही पतंजलि ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर लोगों को प्रशिक्षित भी करेगी। उन्होंने कहा कि पतंजलि संस्थान जनजाति समूहों के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश के कुलपति प्रो. टी.वी. कट्टिमणी ने कहा कि पतंजलि एक विश्वविख्यात संस्थान है। पतंजलि के साथ जुडऩे से इस सम्पूर्ण कार्य योजना को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आचार्य जी के कुशल नेतृत्व तथा पतंजलि की अपार क्षमताओं से निश्चित ही जनजातीय समूहों का विकास होगा।

कार्यक्रम में प्रो. टी.वी. कट्टिमणी (वीसी, सीटीयू, एपी), पतंजलि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार डॉ. प्रवीण पुनिया, पतंजलि शोध संस्थान के वैज्ञानिकों सहित पतंजलि संन्यास आश्रम के पूज्य संतगण भी उपस्थित थे।

## जिला सूचना कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जिला सूचना कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित संवाद गोष्ठी में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान था। लोग मीडिया को बड़ी आशा भरी निगाहों से देखते थे। भारतीय संविधान के मूलभूत अधिकारों के अंतर्गत विचार एवं अभिव्यक्ति की आजादी दी गई है। इसी के अंतर्गत प्रेस को भी पूरी स्वतंत्रता प्रदत्त है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण होता है। रोजमर्रा के जीवन में मीडिया से बहुत सी बातें जानने और सुनने को मिलती है। इससे सभी को सीखने और कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि देश और राज्य के विकास के लिए प्रेस और प्रशासन के संबंधों को सशक्त होना आवश्यक है। जनपद में प्रेस और प्रशासन के संबंधों को सशक्त बनाने और मीडिया को बेहतर सुविधाएं देने हेतु आज जिला सूचना कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह ने समस्त प्रेस प्रतिनिधियों की ओर से जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्रेस प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिह्न एवं पुस्तक भेंट करते हुए उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी पत्रकार, मीडिया प्रतिनिधि , सूचना विभाग और अन्य विभागों प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को तोड़ मरोडक़र कर प्रस्तुत किया: प्रो. ईश्वर

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में वर्चुअल जुड़े उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड इतिहास और संस्कृति की दृष्टि से बेहद समृद्ध राज्य है। इसे आगे बढ़ाने के लिए गंभीर प्रयास की जरूरत है। अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति उत्तराखंड इस दिशा में काम कर रही है। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने कहा कि अंग्रेज सरकार के समय भारतीय इतिहास को तोड़ मरोडक़र प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सेब बागवानों को सतर्क रहने की दी सलाह

पौड़ी। वर्तमान समय में उत्तरकाशी के प्रसिद्ध हर्षिल क्षेत्र में स्कैब महामारी के फैलने पर जिला उद्यान अधिकारी ने जिले के सेब काश्तकारों को सतर्क रहने की अपील की है। जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में उत्तरकाशी के प्रसिद्ध हर्षिल क्षेत्र में स्कैब महामारी फैली हुई है। जिसके कारण सीमा से लगे जनपदों में भी इस महामारी के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। कहा कि यह रोग हवा के माध्यम से तीव्र गति से फैलने वाला है। जिससे सेब वागवानों की पूरी फसल रातों रात नष्ट होने की आशंका बनी रहती है। कहा कि सेब बागवानों को इससे बचने के लिए अपने सेब के बगीचों में 5 प्रतिशत यूरिया प्रति 1 हजार लीटर पानी में जलीय घोल का छिडकाव से पौधों की पत्तियों के ऊपरी एंव निचली सतह पर करने से सेब के पौधों को बचाया जा सकता है। कहा कि सेब के पौधों के नीचे गिरी हुई व आसपास फैली हुई रोग ग्रसित पत्तियों को भी एकत्रित कर यूरिया का छिडक़ाव करें जिससे रोगग्रस्त पत्तियां सडक़र नष्ट हो जाए।

### सीएम के दौरे की तैयारियां तेज

पौड़ी। सीएम पुष्कर सिंह धामी के फरवरी महीने में प्रस्तावित भ्रमण को लेकर डीएम ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अफसरों के साथ तैयारी की समीक्षा बैठक ली। डीएम डा.आशीष चौहान ने कंडोलिया पार्क, ल्वाली मार्ग, नागदेव मार्ग, डांडापानी गडोली मार्ग व छतरीधार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम के प्रोग्राम के दौरान पुलिस विभाग को यातायात, भीड़ प्रबंधन व पार्किंग की व्यवस्था के लिए रूट प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था ल्वाली मार्ग व नागदेव मार्ग पर करवाए। साथ ही उन्होंने श्रीनगर से आने वाले वाहनों के आवागमन के लिए गडोली-डांडापानी मार्ग का उपयोग करते हुए लोनिवि को मार्ग सही करने के निर्देश दिए। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल कंडोलिया मैदान में टैंट व्यवस्था, लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं पूरी करने को कहा। बैठक में उन्होंने अब तक की गयी तैयारियों की जानकारी ली व संबंधित अफसरों को तत्काल अपने-अपने दायित्वों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनामिका, डीडीओ मनविंदर कौर, एएसपी जया बलूनी, अधिशासी अभियंता प्रांतिय खंड लोनिवि शिवा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, आरटीओ द्वारीका प्रसाद आदि शामिल रहे।

### केपी इलेवन ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

पौड़ी। कोट के खेल मैदान में आयोजित कोट प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल मुकाबला केपी इलेवन ने जीत लिया। केपी इलेवन ने श्रीनगर एफसी को 11 रनों से हरा दिया।कोट के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला केपी इलेवन व श्रीनगर एफसी के बीच खेला गया। केपी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 136 का लक्ष्य श्रीनगर एफसी को दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीनगर एफसी की टीम 125 रन ही बना सकी। केपी इलेवन ने 11 रनों से मैच जीता। इस मौके पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सिंह नेगी ने आयोजक युवाओं की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों पर जोर दिया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र रावत, सचिव अक्षय रावत, अमन नयाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख कोट सुनील लिंगवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर आर्य, जगमोहन, विजय दर्शन बिष्ट, वीरेंद्र नायल, प्रकाश नेगी, देवेंद्र रावत, हिमांशु नेगी, सुरेंद्र रावत नवीन ,सचिन, कुलदीप, साबर बिष्ट, अशोक, विकास, गोलू आदि शामिल रहे।

### डीएम से लगाई किराया देने की गुहार

पौड़ी। नौठा निवासी आंदोलनकारी विशंबर प्रसाद खंकरियाल ने उनके मकान में घोषणा के बाद भी सहकारी बैंक की शाखा नहीं खुलने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने शनिवार को पौड़ी पहुंचकर डीएम डा.आशीष चौहान से मुलाकात कर कहा कि पिछले 25 महीने से बैंक निर्माण की सामग्री उनके घर पर रखी हुई है लेकिन बैंक शाखा नहीं खुलने से उनको आर्थिकी की समस्या हो रही है। उन्होंने उनके भवन में रखे बैंक निर्माण की सामग्री को हटवाते हुए 24 महीने का किराया देने की मांग की गई है। कहा कि शिक्षामंत्री डा.धन सिंह रावत ने बुरांसी में आयोजित बहुउदेशीय शिविर में बुरांसी के नौठा बाजार में सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा की थी। जिस पर जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों ने उनके भवन का चयन करते हुए 8 जनवरी 2022 को बैंक निर्माण संबंधी सामग्री वहां रखी। जोकि आज तक वहीं पड़ी हुई है। कहा कि आज तक उनके चयनित भवन को बंद कर वहा पर बैंक निर्माण का सामान रखा गया है। जिससे उनको आर्थिकी की समस्या से दो चार होना पड़ रहा है। उन्होंने डीएम से उनके भवन में रखे बैंक निर्माण की सामग्री को हटवाते हुए 25 महीने का किराया देने की मांग की है।

### सोनला गांव में लगे नलों में पानी नहीं

चमोली। दशोली विकासखंड के सोनला गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित पेयजल योजना शुरुआत में ही दगा दे गई है। गांव में पानी की लाइन तो बिछा ली गई है, लेकिन नलों पर पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। गांव के 40 परिवारों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर पेयजल कनेक्शन कटवाने की गुहार लगाई है। सोनला गांव में 180 परिवार निवास करते हैं। यहां जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2022 में 30 लाख की लागत से पेयजल योजना का निर्माण हुआ। लेकिन योजना पर घटिया निर्माण कार्य के चलते टैंक पहले ही साल में लीकेज होने लगे। साथ ही पाइप लाइनों को खुले में छोड़ दिया गया। नतीजन जगह-जगह लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीण कैलाश चंद्र, देव लाल, महेंद्र, सुरेंद्र, इंद्रलाल, आशीष, विमला, रमेशी देवी, मीना, कांति आदि का कहना है कि पेयजल लाइन पर पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जल संस्थान की ओर से पानी के बिल भेजे जाने से पहले कनेक्शन कटवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आजीविका कृषि और पशुपालन से ही चलती है। पानी की व्यवस्था करने के लिए उन्हें करीब आधा किलोमीटर दूर प्राकृतिक जलस्रोत पर जाना पड़ रहा है। इधर, जल संस्थान के सहायक अभियंता अरुण गुप्ता का कहना है कि सोनला गांव में पेयजल लाइन के वितरण में दिक्कतें आ रही हैं।

### राइंका बूरा में शिक्षकों का संकट

चमोली। दूरस्थ क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज बूरा में शिक्षकों के अधिकांश पद रिक्त चल रहे हैं। लेकिन अब शिक्षा विभाग ने विद्यालय में तैनात व्यायाम शिक्षक का भी तबादला कर दिया है, जिससे अभिभावकों में आक्रोश है। उन्होंने मुख्य शिक्षाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तबदला रुकवाने की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि 18 जनवरी को अपर निदेशक माध्यमिक के आदेश पर व्यायाम शिक्षक राकेश कुमार का तबादला अन्यत्र कर दिया गया। विद्यालय में शिक्षकों की कमी होने के चलते व्यायाम शिक्षक अपने कार्यों के साथ पठन पाठन का कार्य भी संपन्न करवाते हैं। अभिभावकों का प्रतिनिधि मंडल 20 जनवरी को निदेशक माध्यमिक शिक्षा से मिला जिसमें निदेशक ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# गणतंत्र दिवस की परेड देख लौटी प्रधान का सम्मान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। दिल्ली में हुई गणतंत्र दिवस की परेड से वापस लौटी प्रधान सरिता देवी को क्षेत्रवासियों ने सम्मानित किया। प्रधान सरिता देवी ने परेड में शामिल होने के अनुभवों को क्षेत्रवासियों के साथ साझा किया। रविवार को रानीपोखरी के बडक़ोट में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें क्षेत्रवासियों ने दिल्ली से लौटी प्रधान सरित देवी को सम्मानित किया। प्रधान सरिता देवी ने कहा कि अपनी ग्राम पंचायत में बेहतर कार्य करने पर उन्हें कई बार पुरस्कार दिया जा चुका है। इसी को लेकर केंद्र सरकार ने देश की बेहतर कार्य करने वाली कई महिला प्रधानों को उनके पतियों के साथ गणतंत्र दिवस की परेड में आमंत्रित किया था। वे भी अपने पति अनिल कुमार के साथ दिल्ली में हुई परेड देखने पहुंचीं थीं। कहा कि देहरादून जिले से दो महिला प्रधान को आमंत्रित किया गया था। मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय भट्ट, आदेश सकलानी, विजेंद्र, विजय लक्ष्मी, सरिता राणा, आराधना, राजेश्वरी, मंजू सिलसवाल, अशोक कपरुवान, देवेंद्र गैरोला आदि मौजूद रहे।



# डाक्टरों की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर में डाक्टरों की नियुक्ति की मांग को लेकर बालगंगा सेवा निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति ने डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन भेजकर एक माह के भीतर मांगो पर कार्यवाही न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा गया कि विगत अप्रैल माह में पीपीपी मोड से हटाने के बाद सरकार द्वारा अस्पताल में 6 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन वर्तमान में मात्र एक ही कार्यरत है। इसके साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन के पद भी रिक्त पड़े हैं। समिति के चंदन सिंह पोखरियाल व स्वास्थ्य संवर्धन समिति अध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद जोशी ने कहा कि 30 बेड के अस्पताल में 9 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। जिनमें फिजिशयन के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। लेकिन वर्तमान में अस्पताल मात्र एक फिजिशयन के भरोसे संचालित है। जबकि यह 6 पट्टियों की करीब 20 हजार की आबादी का एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र है। यह क्षेत्र आपदा की दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील होने के साथ ही चार धाम यात्रा मार्ग पर पडऩे वाला एकमात्र अस्पताल है। उन्होंने कहा कि प्रसूति विशेषज्ञ के साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन न होने के कारण अस्पताल मात्र रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। डीएम को भेजे ज्ञापन में एक माह के भीतर डॉक्टरों और अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति न होने पर क्षेत्रीय जनता के सहयोग से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के साथ हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है।

## महिलाओं को प्रशिक्षण दे रहा स्वयं सहायता समूह

श्रीनगर गढ़वाल। कविता महिला स्वयं सहायता समूह श्रीनगर द्वारा महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार किया जा रहा हैं। जिसमें समूह द्वारा 25 महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रूपा नाथ ने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा महिलाओं को 3 महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे महिलाएं स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि समूह लगातार द्वारा कई वर्षो से महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।कहा कि इससे पूर्व में समूह द्वारा कई महिलाएं सिलाई की दुकान खोलकर स्वरोजगार कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रही हैं।

## स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

पौड़ी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकेश्वर के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई लोगों ने इस स्वस्थ्य शिविर का लाभ लिया। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में नैशनल मेडिकॉस ऑर्गनाइजेशन श्रीकोट श्रीनगर की तरफ से डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया। आयोजन एकेश्वर ग्राम पातल के मिलन केंद्र में हुआ।

शिविर में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के छात्र और डॉक्टरों ने निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांचें, परामर्श, परीक्षण और दवा वितरण जैसी विभिन्न चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। इस मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक डा. अमन भारद्वाज, नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. कैलाश गैरोला, डा. सुरेंद्र सिंह नेगी, डा. राजेंद्र शर्मा, जतिन फुलेरा प्रदीप चंद्र, एकेश्वर शिव मंदिर कल्याण समिति के अध्यक्ष कुलदीप किशोर जोशी, खंड कार्यवाह सूरज असवाल, गंगोत्री नंदन पंत, नरेश प्रसाद, तेजपाल पंवार, हरिओम पांडे आदि शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सहदेव पुंडीर के साथ तिपरपुर में सामूहिक तौर पर सुना। विधायक ने कहा प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में इस बार आयुष चिकित्सा पद्धति का महत्व, गणतंत्र दिवस समारोह, प्रभु राम जी का शासन सहित देश की विभिन्न उपलब्धियों से अवगत करवाया।उन्होंने विशेष तौर पर खिलाडियों और नवमतदाताओं का उत्साहवर्धन भी किया। कहा, मन की बात हमें राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच के साथ भागीदारी के लिए सदैव प्रेरित करता है। यह कार्यक्रम देश के उन लोगों से परिचय कराता है जो विभिन्न क्षेत्रों में उचित कार्य करके देश के उत्कृष्ट विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहें हैं। आज यही वजह है कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। इस दौरान पूर्व प्रधान विनोद कश्यप, मंडल महामंत्री रवि कश्यप, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बहादुर कश्यप, रविंद्र तोमर, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मेहरबान अली, सियाराम चौहान आदि मौजूद रहे।

## आउट ऑफ टर्न सेवायोजन के लिए 5फरवरी तक करें आवेदन

पिथौरागढ़। अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ी आउट ऑफ टर्न सेवायोजन के लिए आगामी पांच फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व तक आवेदन की निर्धारित तिथि 20जनवरी तय थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। कहा कि आउट ऑफ टर्न सेवायोजन के लिए ओलम्पिक खेल, एशियन खेल, कॉमनवेल्थ खेल, राष्ट्रीय खेलों में खेले जाने वाले सभी खेलों (डीईएमओ खेलों को छोडक़र) में पदक प्राप्तकर्ता खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आज से मिलेगा सेब बागवानों को ट्री स्प्रे ऑयल

विकासनगर। उद्यान विभाग की ओर से इन दिनों सेब बगीचों के लिए ट्री स्प्रे, ऑयल मुहैया कराया जा रहा है। जिससे बागवान समय पर अपने बगीचों में ट्री स्प्रे कर उत्पादन को बढ़ा सकें। सर्दियों के मौसम मे सूखा पडऩे से खेतीबाड़ी, बाग बगीचों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। बावजूद इसके किसान बागवानों ने अभी हिम्मत नहीं हारी, उन्हें उम्मीद है कि देर सवेर बारिश जरूर होगी। त्यूणी क्षेत्र बागवानी बेल्ट के रूप में तेजी से उभर रहा है। क्षेत्र के किसान बागवानों ने दिसंबर माह में विभाग से ट्री स्प्रे, कीटनाशक दवाएं, खाद मुहैया कराने की मांग की थी। विभाग ने दूरस्थ क्षेत्र त्यूणी-चौसाल उद्यान सचल केंद्र को तीस हजार लीटर ट्री स्प्रे आयल उपलब्ध कराया है। एडीओ इंदू भूषण कुमोला ने बताया कि 29 जनवरी से दो सेंटर में वितरण शुरू किया जायेगा। कहा कि किसान, बागवानों को खतौनी, आधार कार्ड, उघान कार्ड लाने पर ही ट्री स्प्रे आयल मिलेगा।

### भवाली टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष बने कृष्ण आजाद

नैनीताल। नगर के टैक्सी वाहन स्वामी एवं चालक एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या व पूर्व पालिकाध्यक्ष दयाल आर्या ने शपथ दिलाई। यूनियन अध्यक्ष कृष्ण कुमार आजाद, उपाध्यक्ष संजय लोहनी, कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र, सचिव सष्टि भट्ट, संरक्षक प्रताप बिष्ट, ऑडिटर पवन कुमार, संगठन मंत्री विपिन सनवाल ने शपथ ली। विधायक आर्य ने सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही यात्री प्रतीक्षालय के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर संजय लोहनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे, पंकज अद्वेती, जुगल मठपाल, भावना मेहरा, आनंद नेगी रहे।

### भवाली में कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने इस्तीफा दिया

नैनीताल। रामगढ़ में कांग्रेस पदाधिकारी लगातार अपने पद छोड़ रहे हैं। रविवार को पूर्व जिला सचिव व सोशल मीडिया प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवेंद्र मेर ने सोशल मीडिया प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफा जिलाध्यक्ष को भेज दिया है। जिसमें उन्होंने लिखा कि वह पिछले 33 सालों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। हमेशा पार्टी हित के बारे में सोचा है। कहा, पार्टी के उच्च पदाधिकारियों द्वारा बात नहीं सुनी जाती है। हमारी बात सुनने वाला कोई नहीं इसलिए वह पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

### लखवाड़ बांध प्रभावितों ने की मुआवजा बढ़ाने की मांग

विकासनगर। लखवाड़ बांध प्रभावित क्षेत्र एससी, एसटी जनकल्याण समिति की रविवार को हुई बैठक में बांध प्रभावितों की समस्याओं पर चर्चा की गई। समिति के महासचिव स्वराज सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बांध प्रभावितों को दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि को बढ़ाकर एक करोड़ डेढ़ लाख प्रति हेक्टेयर किया गया है, जबकि समिति की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि डेढ़ करोड़ प्रति हेक्टेयर की दर से अनुग्रह राशि मिलने पर बांध निर्माण कार्य शुरू करने दिया जाएगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान, अजय नेगी, आमिर चौहान, भजन सिंह तोमर, भाव सिंह आदि मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया

श्रीनगर गढ़वाल। रोटरी मेरठ मंडल के सत्र 2024-2025 के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय पेट-सेट प्रशिक्षण कार्यक्रम मलेथा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 107 क्लबों के तीन सौ पचास पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। तीन दिन तक चले अलग-अलग सत्रों में निर्वाचित पदाधिकारियों ने रोटरी की बारीकियां सीखीं। रोटरी क्लब श्रीनगर की मेजबानी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचित डीजी दीपा खन्ना ने कहा कि रोटरी समाज सेवा की एक महान परंपरा है, जिसे हमें आगामी सत्र में भी उच्च मानकों के साथ आगे बढ़ाना है। रोटरी के डीजी अशोक गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद से बड़ा परोपकार इस दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। लोगों के दुखों और कष्टों को दूर करने का रोटरी हथियार है। इस अवसर पर रोटेरियन नितिन अग्रवाल, चक्रेश लोहिया, नीरज अग्रवाल, संजय रस्तोगी, अंजू हाडक़े, महेश कोटबागी, सुधींद्र शर्मा, बराजीव शर्मा, संजय अग्रवाल, बृजेश भट्ट, खिलेंद्र चौधरी, अनूप घिल्डियाल, राहुल कपूर, डा. केके गुप्ता, संजय रावत, मो. आशिफ सहित आदि मौजूद थे।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकेश्वर के तत्वधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। जनपद पौड़ी के एकेश्वर के मिलन केंद्र ग्राम पातल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में नेशनल मेडिकॉस ऑर्गनाइजेशन श्रीनगर (एनएमओ) के डॉक्टरों ने दूर दराज से पहुंचे ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही निःशुल्क दवाईयाँ भी वितरित की गई। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अमन भारद्वाज ने बताया कि 50 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर एनएमओ के अध्यक्ष डॉ. कैलाश गैरोला, डॉ. सुरेंद्र सिंह नेगी, डॉ. राजेंद्र शर्मा, जतिन फुलेरा सहित मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे।

### पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया

श्रीनगर गढ़वाल। रोटरी मेरठ मंडल के सत्र 2024-2025 के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय पेट-सेट प्रशिक्षण कार्यक्रम मलेथा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 107 क्लबों के तीन सौ पचास पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण लिया। तीन दिन तक चले अलग-अलग सत्रों में निर्वाचित पदाधिकारियों ने रोटरी की बारीकियां सीखीं। रोटरी क्लब श्रीनगर की मेजबानी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचित डीजी दीपा खन्ना ने कहा कि रोटरी समाज सेवा की एक महान परंपरा है, जिसे हमें आगामी सत्र में भी उच्च मानकों के साथ आगे बढ़ाना है। रोटरी के डीजी अशोक गुप्ता ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद से बड़ा परोपकार इस दुनिया में कोई दूसरा नहीं है। लोगों के दुखों और कष्टों को दूर करने का रोटरी हथियार है। इस अवसर पर रोटेरियन नितिन अग्रवाल, चक्रेश लोहिया, नीरज अग्रवाल, संजय रस्तोगी, अंजू हाडक़े, महेश कोटबागी, सुधींद्र शर्मा, बराजीव शर्मा, संजय अग्रवाल, बृजेश भट्ट, खिलेंद्र चौधरी, अनूप घिल्डियाल, राहुल कपूर, डा. केके गुप्ता, संजय रावत, मो. आशिफ सहित आदि मौजूद थे।

### सफाई अभियान चलाया

पौड़ी। क्लीन हिमालय कैंपेन के द्वारा रविवार को खिर्सू रोड स्थित हनुमान की मूर्ति स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया। यह सफाई अभियान क्लीन हिमालयन के द्वारा हर रविवार को विभिन्न स्थलों में किया जा रहा है। रविवार को हनुमान मूर्ति पर चलाए गए अभियान में लोगों ने जगह-जगह फैले कूड़े को एकत्र कर नष्ट किया। इस अभियान की शुरुआत साल 2016 में ग्राम चंदोला राई से हुई। अभियान के तहत कूड़े की समस्या को दूर करने के लिए पांच गांवों के सभी ग्रामीणों को कूड़ेदान और कूड़ा बैग वितरित किए गए, जिससे लोग अपने घर के कूड़े को अलग-अलग कर सकें। इस दौरान ग्रामीणों के बीच बहुत सारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# डबल इंजन सरकार में खूब हो रहे विकास कार्य : अग्रवाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र भी शहरों की भांति दिखने लगे हैं। रविवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौहरी माफी में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा को डबल इंजन सरकार का भरपूर लाभ मिल रहा है। ऋषिकेश के ग्रामीण क्षेत्र भी अब शहरी क्षेत्रों की तरह दिखाई दे रहे हैं, यहां लगभग सभी मूलभूत समस्याओं का निस्तारण किया गया है। ऋषिकेश विधानसभा के चहुंमुखी विकास के लिए वह वचनबद्ध हैं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में विधायक निधि से पांच कंप्यूटर देने की घोषणा की। मौके पर प्रधानाचार्य भास्कर बिजल्वाण, अध्यापक कैलाश नौटियाल, रमेश चंद्र, मुकेश कुमार, गीता पंत, ममता रावत, गंगा भट्ट, संजय आदि उपस्थित रहे।



# ऋषिकेश से बड़ी संख्या में कांग्रेसी दून सम्मेलन में पहुंचे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। ऋषिकेश में कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। नारेबाजी के बाद कांग्रेसी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए दून रवाना हुए। रविवार को राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिये कांग्रेस कार्यकर्ता नटराज चौक पर एकत्रित हुये। इस दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद वह दून के लिये रवाना हो गये। कार्यकर्ता सम्मेलन में ऋषिकेश विधानसभा से महानगर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस तथा एनएसयूआई के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के कुशासन के प्रति जनता को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस दौरान पीसीसी मेंबर जयेंद्र रमोला, राजपाल खरोला, सुधीर राय, शैलेन्द्र बिष्ट, मनीष शर्मा, ललित मोहन मिश्र, अंशुल त्यागी, मदन मोहन शर्मा, रामविलास रावत, भगवती प्रसाद सेमवाल, ऋषि सिंघल, मनोज गुसाईं, देवेंद्र प्रजापति, गुरविंदर सिंह गुरी, त्रिलोकीनाथ तिवारी, राहुल रावत, सुभाष जखमोला, शैलेन्द्र गुप्ता, राजेश शाह, मुकेश जाटव, कमल बनर्जी, प्रवीण गर्ग, राधा रमोला, मधु जोशी, सरोज देवराडी, सावित्री देवी, रेनू नेगी, कमलेश शर्मा, सिंहराज पोसवाल, बृज बहुगुणा, चंदन सिंह पंवार, बीएस पयाल, इंद्रेश बर्थवाल, प्यारेलाल जुगरान, एकांत गोयल, विक्रम भंडारी, मधु मिश्रा, संजय नेगी, शेर सिंह रावत, देवी प्रसाद, संतोष कुकरेती,अशोक शर्मा, प्रिंस सक्सेना, परमेश्वर राजभर, संजय भारद्वाज, मनीष जाटव, जतिन जाटव, हरि सिंह नेगी, विनोद रतूड़ी, राम कुमार बतालिया,धर्मेंद्र गुलियाल, हिमांशु जाटव, अभिनव मलिक, गौरव राणा, इमरान सैफी, सनी प्रजापति अखिल गुलियाल, रमेश चौहान, हिमांशु कश्यप, आदित्य झा आदि मौजूद रहे।

# डाक्टरों की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर में डाक्टरों की नियुक्ति की मांग को लेकर बालगंगा सेवा निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति ने डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन भेजकर एक माह के भीतर मांगो पर कार्यवाही न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा गया कि विगत अप्रैल माह में पीपीपी मोड से हटाने के बाद सरकार द्वारा अस्पताल में 6 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन वर्तमान में मात्र एक ही कार्यरत है। इसके साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन के पद भी रिक्त पड़े हैं। समिति के चंदन सिंह पोखरियाल व स्वास्थ्य संवर्धन समिति अध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद जोशी ने कहा कि 30 बेड के अस्पताल में 9 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। जिनमें फिजिशयन के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। लेकिन वर्तमान में अस्पताल मात्र एक फिजिशयन के भरोसे संचालित है। जबकि यह 6 पट्टियों की करीब 20 हजार की आबादी का एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र है। यह क्षेत्र आपदा की दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील होने के साथ ही चार धाम यात्रा मार्ग पर पडऩे वाला एकमात्र अस्पताल है। उन्होंने कहा कि प्रसूति विशेषज्ञ के साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन न होने के कारण अस्पताल मात्र रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। डीएम को भेजे ज्ञापन में एक माह के भीतर डॉक्टरों और अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति न होने पर क्षेत्रीय जनता के सहयोग से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के साथ हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है।

## डाक्टरों की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

नई टिहरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर में डाक्टरों की नियुक्ति की मांग को लेकर बालगंगा सेवा निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति ने डीएम मयूर दीक्षित को ज्ञापन भेजकर एक माह के भीतर मांगो पर कार्यवाही न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा गया कि विगत अप्रैल माह में पीपीपी मोड से हटाने के बाद सरकार द्वारा अस्पताल में 6 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी, लेकिन वर्तमान में मात्र एक ही कार्यरत है। इसके साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन के पद भी रिक्त पड़े हैं। समिति के चंदन सिंह पोखरियाल व स्वास्थ्य संवर्धन समिति अध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद जोशी ने कहा कि 30 बेड के अस्पताल में 9 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। जिनमें फिजिशयन के साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। लेकिन वर्तमान में अस्पताल मात्र एक फिजिशयन के भरोसे संचालित है। जबकि यह 6 पट्टियों की करीब 20 हजार की आबादी का एकमात्र स्वास्थ्य केंद्र है। यह क्षेत्र आपदा की दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील होने के साथ ही चार धाम यात्रा मार्ग पर पडऩे वाला एकमात्र अस्पताल है। उन्होंने कहा कि प्रसूति विशेषज्ञ के साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन न होने के कारण अस्पताल मात्र रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। डीएम को भेजे ज्ञापन में एक माह के भीतर डॉक्टरों और अल्ट्रासाउंड व एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति न होने पर क्षेत्रीय जनता के सहयोग से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के साथ हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है।

## उत्तरकाशी में भाजपाइयों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना

उत्तरकाशी। उतरकाशी जनपद में भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं व लोगों ने बूथ से लेकर मण्डल व जनपद मुख्यालय तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। गंगोत्री विधानसभा के बूथ संख्या 96 में उत्तराखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री अजय ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का 109वां संस्करण कलक्ट्रेट स्थित आडिटोरियम में सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा ने देश के करोड़ लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रभु राम का शासन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणा स्रोत था प्रधानमंत्री ने कहा कि 22जनवरी की शाम को पूरे राष्ट्र ने राम ज्योति जलाई जो विकसित भारत के संकल्पों का भी बहुत बढ़ा आधार है। इस अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र राणा, उत्तरकाशी जिला सह प्रभारी सौरभ थपलियाल, टिहरी लोकसभा संयोजक रमेश चौहान आदि थे।

# क्रशर में अवैध खनन में लगी एक पोकलैंड पुलिस ने किया सीज

हरिद्वार। गांव रानीमाजरा स्थित एक क्रशर में अवैध रूप से पोकलैंड से किए जा रहे खनन को लेकर पुलिस ने कार्रवाई की है। क्रशर से पोकलैंड को चौकी लाकर सीज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार गांव रानीमाजरा में अवैध खनन की सूचना मिली। ग्रामीणों की लगातार शिकायत पर एसआई महेंद्र पुंडीर ने एक क्रशर में अवैध रूप से चल रही पोकलैंड को पकड़ा।अवैध खनन नहीं करने की चेतावनी दी है। एसओ रवींद्र कुमार ने बताया पोकलैंड को सीज कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब का कारोबार करते चार को दबोचा

हरिद्वार। हरिद्वार नगर कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 113 पव्वे अवैध शराब के बरामद हुए। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब बिक्री रोकने को छापेमारी की जा रही है। इस दौरान विजेंद्र उर्फ झंडू पुत्र भजनलाल निवासी ललतारौपुल को 32, अभिनव पुत्र कमल निवासी वाल्मीकि बस्ती को 24, गौतम उर्फ राजू पुत्र धर्मा निवासी लाल कोठी रोडीबेलवाला को 25, जौनी पुत्र स्व. राम चांद निवासी मस्तराम गली भूपतवाला को 32 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### सट्टा खाई बाड़ी में दो गिरफ्तार

हरिद्वार। कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने दो आरोपियों को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सट्टा सामग्री और 4330 की नकदी बरामद हुई। दोनों के खिलाफ कोतवाली जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के नाम शुभम कुमार निवासी मोहल्ला कडच्छ और शाहनवाज मोहल्ला झाड़ान हैं।

### नेपाली विद्यार्थी संघ ने किया वन भोज कार्यक्रम का आयोजन

हरिद्वार। भारत और नेपाल की संस्कृति एवं मैत्री संदेश को दर्शाने के लिए नेपाली विद्यार्थी संघ की ओर से रविवार को वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैरागी कैंप में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेपाली मूल के परिवार शामिल हुए। इस दौरान नेपाली गीत संगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथी महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी निर्मल दास, स्वामी कपिल मुनि, स्वामी दिनेश दास, महंत सूरज दास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी जोगेंद्र शास्त्री, स्वामी शिवम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि वन भोज नेपाल की प्राचीन परंपरा है। नेपाली विद्यार्थी संघ की ओर से इस परंपरा को जीवंत रखते हुए प्रतिवर्ष आयोजन किया जा रहा है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण महाराज ने अपने संदेश में सभी को वनभोज कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।

### गंगा कॉरिडोर को लेकर व्यापारियों से सुझाव लें

हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक में मांग की गई कि गंगा कॉरिडोर को लेकर व्यापारियों से सुझाव लिए जाएं। साथ ही पॉड टैक्सी योजना भी जल्द शुरू की जाए। ऐसा नहीं होने पर व्यापारी मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग और सुझाव देंगे। रविवार को शिव चौक पर हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि गंगा कॉरिडोर हरिद्वार के लिए ऐतिहासिक कार्य होने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बधाई के पात्र हैं जो इतनी बड़ी सौगात हरिद्वार को दी है। अब प्रशासन को हरिद्वार के व्यापारियों को बुलाकर इसका पूरा स्वरूप बताना चाहिए। इसके एरिया और किस-किस क्षेत्र के व्यापारी इससे प्रभावित होंगे, यह स्पष्ट करना चाहिए। जो व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं उनके मुआवजे के विषय में बताया जाना चाहिए। चौधरी ने कहा कि हरिद्वार के व्यापारी और आम जनमानस इस परियोजना का स्वागत कर रहे हैं। पॉड टैक्सी भी हरिद्वार के लिए एक बड़ी सौगात ही है उसको भी जल्दी शुरू किया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष विनीत धीमान और जिला महामंत्री भारत तलुजा ने कहा कि कॉरिडोर का पूरा नक्शा जारी किया जाना चाहिए और इसमें व्यापारियों से सुझाव लेकर ही आगे बढऩा चाहिए। शहर अध्यक्ष हरविंदर सिंह और कुलदीप खंडेलवाल ने कहा कि परियोजना के अधिकारी व्यापारियों से तालमेल बैठाकर आगे बढ़ें तो और अच्छे से योजना लागू होगी।

### दैवीय आपदा मद में धन के बंदरबांट का आरोप

पिथौरागढ़। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार ने प्रशासन पर दैवीय आपदा मद में धन के बंदरबांट का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आपदा से जिन गांवों में सबसे अधिक नुकसान हुआ है उन गांवों में प्रशासन राजनैतिक दवाब के कारण धनराशि जारी नहीं कर रहा है। कहा कि खनिज फाउंडेशन मद का भी दुरुप्रयोग किया जा रहा है। जगदीश ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही धन का दुरुप्रयोग रोका नहीं गया तो वह आगामी एक फरवरी से धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### 1.87 लाख नगदी के साथ आठ जुआरी पकड़े

पिथौरागढ़। जाजरदेवल पुलिस ने सार्वजनिक क्षेत्र में जुआ खेलते हुए आठ जुआरी पकड़े हैं। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने वड्डा झौलखेत खेल मैदान के समीप छापा मारा। इस दौरान वर्तियाकोट, रियांसी, सुवाकोट के जितेन्द्र राना, भूपेन्द्र सिंह, मोहन भट्ट, विनोद भट्ट, अमन खेतवाल, गणेश राम, महेन्द्र सिंह व हिमांशु सिंह को जुआ खेलते पकड़ा। उनके पास से एक लाख 87 हजार 300 रुपये व एक ताश की गड्डी भी बरामद हुई। पुलिस ने सभी के खिलाफ भादवि की धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। टीम में वड्डा चौकी प्रभारी जितेन्द्र सौराड़ी, अपर उपनिरीक्षक सुरेश सिंह ढेक, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, पंकज भण्डारी, कुबेर सिंह, गोविन्द वर्मा, विद्यासागर कसन्याल, दीपक टम्टा,आनन्द कुमार, कांस्टेबल मनोहर कापड़ी, प्रकाश नगरकोटी शामिल रहे।

### संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में पुलिस ने जाना

रुडक़ी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में चर्चा की है। कहा कि शहर के किन-किन जगहों पर मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसको लेकर अभी से तैयारी में जुट जाना होगा। जिस क्षेत्र में अपराधी रहते हैं उनके बारे में भी जानकारी इक_ा की जा रही है। गैंगस्टरों पर पुलिस अलग से नजर रखे हुए हैं। रविवार को सीओ रुडक़ी पल्लवी त्यागी के नेतृत्व में रुडक़ी कोतवाली में बैठक की गई। जहां इंस्पेक्टर आरके सकलानी और गोविंद कुमार, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पिछले साल रुडक़ी क्षेत्र में चुनाव के दौरान किस तरह की घटनाएं हुई इसका भी ख्याल रखा जाए। साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि जल्द ही मतदान केंद्रों के स्थान निर्धारित होने पर वहां का निरीक्षण किया जाएगा।

### हिस्ट्रीशीटरों की परेड कर सत्यापन किया

रुडक़ी। थाना प्रभारी ने थाने में क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की परेड कर सत्यापन कराया है। इस दौरान उन्होंने उनके गतिविधियों की जानकारी लेकर कड़ी हिदायत दी है। कलियर थाना प्रभारी दिलबर नेगी ने बताया कि एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की थाने में परेड कराई गई। पुलिस हिस्ट्रीशीटरों की दैनिक और आपराधिक गतिविधियों की लगातार छानबीन कर रही है। हिस्ट्रीशीटरों को थाने में बुलाकर उनकी वर्तमान समय में मौजूदगी, कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। सभी हिस्ट्रीशीटरों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस के बुलाए जाने पर तत्काल थाने में आने की हिदायद दी गई।

# दिव्यांगजन सहायता शिविर 271 जरुरतमंद व्यक्तियों को मिला लाभ


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विहार के राधाकृष्ण मंदिर में दिव्यांगजन सहायता शिविर का शुभारंभ रिबन काटकर किया। शिविर का आयोजन मसूरी विधायक व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस(31 जनवरी) को भाजपा मसूरी विधानसभा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शिविर में आंख, कान की जांच सहित चश्मे, कान की मशीन, छड़ी, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर जैसे जरुरतमंद उपकरण दिव्यांगजनों को प्रदान किये। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि 65 लाख की लागत से दून विहार में सामुदायिक भवन का निर्माण होगा। 75 लाख की लागत से रेड़ी ठेली वालों के लिए वेंडर जोन बनाया जायेगा। मंत्री ने उनके जन्मदिवस को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा सप्ताह के रूप में मनाने पर कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ दून विहार के बूथ संख्या 51 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 109 वें संस्करण को सुना। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन संस्थान व एलिन्को के सहयोग से हुए दिव्यांगजन सहायता शिविर में 3 ट्राईसाइकिल, 14 व्हील चियर, 35 छड़ी, 12 बैशाखी, 167 चश्मे व 50 कान की मशीन जरुरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क प्रदान की गयी।

## रावत अध्यक्ष और ममगाई सचिव बने

देहरादून। उत्तराखंड वैयक्तिक सहायक एवं वैयक्तिक अधिकारी महासंघ के अधिवेशन में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष विरेंद्र रावत और सचिव अनूप ममगाईं चुने गए। रविवार को संघ भवन यमुना कॉलोनी में हुए चुनाव में गठित नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष और सचिव के अलावा उपाध्यक्ष सरिता गुलेरिया, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, ऑडिटर रविंद्र सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव आशीष डोभाल चुने गए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बीएस नेगी, महामंत्री कुलदीप कुमर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदनलाल सपरा आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय



## पलट के नीतीश एनडीए में

बीते बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच करीब तीन घंटे की बैठक प्रधानमंत्री आवास में हुई थी। वह असामान्य बैठक थी। उनके सामने बिहार पर सर्वे की एक रपट भी थी, जो भाजपा ने कराया था। सर्वे का निष्कर्ष था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, अपने सभी घटक दलों समेत, 20-22 सीटें ही जीत सकती है। सर्वे अयोध्या राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले कराया गया था। सर्वे में यह भी सामने आया कि उसके प्रभाव से 5-7 सीटें ही बढ़ सकती हैं। 2019 में भाजपा ने जद-यू के साथ 40 में से 39 सीटें जीती थीं। जाहिर है कि विमर्श का बिंदु बिहार और नीतीश कुमार रहे होंगे! अंततः यह तय हुआ कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार ही पाला बदल कर भाजपा से मिल जाए, तो चुनावी फायदा हो सकता है। कमोबेश अति पिछड़ा वर्ग के 'सरप्लस वोट' भी भाजपा के पक्ष में आ सकते हैं। लंबे विमर्श के बाद प्रधानमंत्री ने नए गठबंधन को 'ओके' कह दिया। उसके बाद ही तय हो गया था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर 'पलटी' मार कर भाजपा से जुड़ेंगे। जो पटकथा लिखी गई थी, उसी के मद्देनजर नीतीश ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। नतीजतन कथित महागठबंधन की सरकार ढह गई। इस्तीफा देने के बाद नीतीश ने मीडिया से पुष्टि की और कहा कि गठबंधन में काम नहीं हो पा रहा था। यहां और वहां के लोगों को तकलीफ थी, लिहाजा हमने गठबंधन छोड़ दिया है। अब नया गठबंधन बन रहा है। आप खुद देखिएगा। बहरहाल रविवार को ही नीतीश कुमार का एनडीए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण करना महज औपचारिकता थी। उनके साथ भाजपा के दो उपमुख्यमंत्रियों ने भी शपथ ली है। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के नाम लिए गए। सम्राट बिहार भाजपा के अध्यक्ष भी हैं। बिहार का राजनीतिक परिदृश्य पूरा ही बदल गया और लालू यादव, कांग्रेस खेमा मूकदर्शक ही बने रहे। इस बार नीतीश का मोहभंग होने और पलटी मार कर एनडीए में लौटने में सिर्फ डेढ़ साल लगा। नीतीश अगस्त, 2022 में भाजपा को छोड़ कर लालू यादव खेमे में गए थे। पलटी मारने की दलीलें नीतीश की वही रही हैं, जो 2022 और उससे पहले 2017 में थीं। आश्चर्य है कि भाजपा और राजद दोनों ही जद-यू को तोडऩे की साजिश रचती रहती हैं और नीतीश बार-बार उन्हीं के साथ सरकार बनाते रहे हैं। दरअसल एक सवाल जनादेश, सरकार, पलटीमार राजनीति और लोकतंत्र को लेकर है। गौरतलब है कि 1995 से नीतीश कुमार ने विधायक का चुनाव ही नहीं लड़ा है। वह लगातार विधान परिषद में रहे हैं। उनके दलों को भी बहुमत का जनादेश कभी भी नहीं मिला है। फिर भी वह 9वीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। यह देश का राजनीतिक रिकॉर्ड है कि एक ही नेता ने, एक ही कार्यकाल के दौरान, तीन-चार बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। सवाल है कि नीतीश कुमार में ऐसा क्या आकर्षण है कि भाजपा और राजद दोनों ही उन्हें 'पलटी' मारने को समर्थन देते रहे हैं और उन्हें मुख्यमंत्री भी बनवा देते हैं? क्या नीतीश बिहार के राजनीतिक समीकरणों की विवशता हैं कि बहुमत न होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री बने हुए हैं? क्या यह पलटीमार राजनीति की अवसरवादिता नहीं है? मौजूदा जनादेश 2020 में भाजपा-जदयू को मिला था, क्योंकि दोनों ने साझा तौर पर चुनाव लड़ा था। उसके बाद का घटनाक्रम देश के सामने है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## यातायात और सडक़ सुरक्षा के साइन बोर्ड लगाने के निर्देश

देहरादून। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता ने मेहूंवाला में एक साल पहले बनी सडक़ पर यातायात और सडक़ सुरक्षा के साइन बोर्ड लगाने के निर्देश निर्देश दिए हैं। एलएलबी के छात्र मोहम्मद आशिक ने डीएम से शिकायत की थी। शिकायती पत्र में उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने मेहूंवाला चौक से भद्री चौक तक सडक़ बनाई है। यह सडक़ एक साल पहले बन गई थी। इसी सडक़ के साथ अन्ना हजारे चौक से कांति मार्ट हरभजवाला चौक तक भी सडक़ बनाई, इस सडक़ पर यातायात और सडक़ सुरक्षा के बोर्ड गए, लेकिन मेहूंवाला से भद्रीचौक वाली सडक़ पर बोर्ड नहीं लगाए। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी को एससी को कार्रवाई के निर्देश दिए। एससी ने निर्माण खंड के ईई को बोर्ड लगाने के निर्देश दे दिए हैं।

## ढकरानी के ग्रामीणों को कानून और अधिकारों की जानकारी

विकासनगर। तहसील क्षेत्र की ढक़रानी पंचायत में तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से रविवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके अधिकार और कानूनों की जानकारी दी गई। तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास कुमार ने बताया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकारों और कानून की जानकारी होना जरूरी है। ताकि वह समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सके। सूचना का अधिकार अधिनियम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अधिनियम को सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लागू किया है। अधिनियम के तहत व्यक्ति एक माह के अंदर कोई भी सूचना प्राप्त कर सकता है, लेकिन कुछ जीवनरक्षक व व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामले में 48 घंटे में सूचना देने का प्रावधान भी है। महिला सुरक्षा कानून की जानकारी देते हुए कहा कि घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिलाओं को खुद भी जागरूक होना चाहिए। घरेलू हिंसा सहने के बजाय उसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। युवाओं की कानून संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उन्हें आइपीसी की धाराओं की जानकारी देने के साथ ही यातायात नियम और कानून की जानकारी मुहैया कराई। इसके साथ ही उन्होंने नशे से होने वाले नुकसान, महिलाओं के अधिकार, ई-पहल, ई-सेवा केंद्र, नालसा ऑनलाइन पोर्टल, राष्ट्रीय लोक अदालत एडीआर सेंटर, मध्यस्थता एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सतीश, अनिल, सायरा बानो, रहीसा, वंदना, अयूब, चौ. जगमाल, नाज़मा इकबाल, सफ़दर इकबाल, नीलम रावत, दीक्षा, शिवानी सैनी आदि मौजूद रहे।

## शहर में गंदगी फैलाने पर अब सीधे मुकदमा

ऋषिकेश। शहर में अब खुले स्थानों पर कूड़ा-करकट डालने पर पहले पांच हजार रुपये का जुर्माना होगा। नहीं मानने पर तीसरी बार पकड़े जाने पर नगर निगम के अधिकारी संबंधित के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराएंगे। नगर क्षेत्र में विभिन्न जनजागरूकता अभियानों के बाद भी कई लोग सडक़ों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए नगर निगम प्रशासन अब कानूनी कार्रवाई का सहारा लेने जा रहा है। कार्रवाई से पहले इस बारे में मुनादी कराकर शहर के सभी वार्डों में स्थानीय लोगों को चेतावनी जारी की जा रही है। कूड़ा डालने वाले स्थानों को साफ कर वहां चूना भी डाला जा रहा है। पर्यावरण मित्रों की प्रतिदिन की निगरानी और सीसीटीवी कैमरों की मदद से गंदगी फैलाने वालों की पहचान की जाएगी। शुरुआत में दो बार पकड़े जाने पर पांच-पांच हजार रुपये का चालान कर संबंधित से जुर्माना वसूला जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित देवदार की लकड़ी से लदा वाहन किया सीज

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग अंतर्गत रिखनाड़ रेंज के नाड़ा वन क्षेत्र में शनिवार रात नियमित गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने देवदार की लकड़ी से लदे लोडर को पकड़ कर सीज कर दिया जबकि आरोपी चालक वाहन छोडक़र फरार हो गया। तलाशी लेने पर लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले। वाहन में देवदार के 12 स्लीपर लदे थे। वन विभाग की टीम ने लकड़ी जब्त कर वाहन को सीज कर दिया है। रेंज अधिकारी ने बताया वन क्षेत्र के अंतर्गत नियमित तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक वाहन में देवदार की लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलने पर टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी थी। दो घंटे तक इंतजार करने के बाद वाहन को पकड़ लिया गया। हालांकि वाहन चालक फरार हो गया है। बताया कि भारतीय वन अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीज कर दिया गया है। टीम में वन दरोगा अर्जुन सजवाण, वन बीट अधिकारी शुभम, सोमपाल, गोविंद पंवार शामिल रहे।

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की सरकार रच रही हैं प्रोपगंडा : आकिल

विकासनगर। आम इंसान विकास पार्टी के अध्यक्ष आकिल अहमद ने आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार लगातार समुदाय विशेष को टारगेट कर रही है। हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि अब मदरसों में जबरन रामायण पढ़ाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। विकासनगर के एक होटल में रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सरकार के निर्णय का विरोध करती है। कहा कि भारत देश धर्मनिरपेक्ष देश हैं। यहां सभी को समानता का अधिकार है। इस तरह के आदेशों को देने से मुख्यमंत्री और सरकार को बचना चाहिए। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार पहले भी कई ऐसे आदेश कर चुकी है जो सीधे सीधे समुदाय विशेष के हितों को नुकसान पहुंचाती है। कहा कि आइंविपा पहले भी सरकार के आदेशों का विरोध कर चुकी है। आगे भी विरोध जारी रखेगी। कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा सरकार के पास कोई मुद्दा नहीं है। कहा कि बेरोजगारी और महंगाई के सवालों पर भाजपा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। इसलिए अब चुनावों को जीतने के लिए भाजपा और उसकी सरकार तमाम तरह की साजिश रच रही है। लेकिन आइंविपा भाजपा के षडयंत्रों का भंडाफोड़ कर बेनकाब करेगी। इस मौके पर राजू तोमर, जगदीश शर्मा, हाफिज महफूज, वाहिद इकबाल, अभय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### 51 कुंडीय गायत्री यज्ञ में बढ चढकर लोग हिस्स लें: सेमवाल

विकासनगर। गायत्री परिवार की ओर से बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के लिए चर्चा की गई। जिसमें क्षेत्र के सभी संगठनों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। बैठक में तय किया गया कि कार्यक्रम कार्यक्रमों के दौरान सभी संस्कार निःशुल्क किए जाएंगे। सेलाकुई के स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में रविवार को शांतिकुंज के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि आठ फरवरी को सेलाकुई क्षेत्र में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। नौ फरवरी को कार्यक्रम में एक निशुल्क विवाह भी किया जाएगा, जिसमें सभी व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई। गायत्री परिवार प्रबंधक राधा कृष्ण सेमवाल ने सभी सेलाकुई क्षेत्र के संगठनों जिसमें खाटू श्याम सेवा समिति, राम सेवा समिति, दुर्गा वाहिनी, जय महाकाल सेवा समिति सभी को व्यवस्थाओं की रूपरेखा बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कलश यात्रा में सभी व्यवस्था बनाकर चलें। प्रबंधक राधा कृष्ण सेमवाल ने कहा सभी क्षेत्रवासी हवन में आहुति देकर पुण्य के भागी बने। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को संगठन के पदाधिकारी को सोपा। उन्होने कहा सभी लोग हवन में बढ़ चढक़र हिस्सा ले यही पुण्य का मार्ग है। इससे ही मोक्ष की प्राप्ति है। कहा कि समापन वाले दिन सभी संगठन के पदाधिकारी को व्यास पीठ से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर राधेश्याम, राजीव, विमला अरोड़ा, धीरज चौधरी, गौरव गुप्ता, अमन , राहुल, उदय, सुनील,हर्षवर्धन, हर्षदीप गुप्ता, पूनम पवार, रीना रावत, निखिल गुसांई, शिवाकांत, पार्वती पुंडीर, सुरेश डगवाल आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों की मनमानी पर सरकार व राजभवन नहीं लगा पा रहे लगाम

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा का कहना है कि प्रदेश में नौकरशाही हावी हो चुकी है। नौकरशाह सरकार की भी नहीं सुन रहे हैं। मोर्चा ने आरोप लगाया कि अधिकारियों पर माफिया और दलाल हावी हो गये हैं, जिनके काम तत्काल हो रहे हैं, लेकिन आम आदमी की फाइलें बस्तों में कैद हो रही हैं। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी पर सरकार रोक नहीं लगा पा रही है। राजभवन की ओर से भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि राजभवन मनमानी करनेवाले अधिकारियों पर रोक लगाए। ताकि आम जनता का भला हो सके।

### छात्र-छात्राओं ने आसन वेटलैंड में देखा परिंदों का रंग बिरंगा संसार

विकासनगर। देश के पहले आसन वैटलैंड आसन कंजर्वेशन में विभन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्र छात्राओं ने बर्ड वाचिंग कर स्थानीय और प्रवासी परिंदों के रंग बिरंगे संसार के दीदार किए। चकराता वन प्रभाग के वन दरोगा एवं पक्षी विशेषज्ञ प्रदीप सक्सैना ने छात्रों को बताया कि विकास के नाम पर आज जिस तरह पेड़ों को काटा जा रहा है, उससे आने वाले समय में धरती पर सिर्फ मनुष्य ही रह जाएगा। जब जैव विविधता नहीं रहेगी, तब कुछ समय में मानव भी नहीं रहेगा। रविवार को देहरादून के कई नामी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने आसन वेटलैंड क्षेत्र में परिंदों की जानकारी ली। पक्षी विशेषज्ञ प्रदीप सक्सैना ने आसन बैराज में स्थानीय और प्रवासी परिंदों की मूल निवास, प्रवास अवधि समेत उनके क्रियाकलापों की जानकारी मुहैया कराई। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को सलाह दी कि पेड़ों का कटान सोच समझ करें। जरूरत पडऩे पर कम से कम पेड़ काटने चाहिए। बताया कि विज्ञान ने पेड़ों को उखाड़ कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने की तकनीक ईजाद की है। बताया कि पेड़-पौधों को बचाए रखने से ही धरती पर रंग बिरंगे परिंदे बचे रहेंगे।

# पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की कीर्ति चटर्जी बनी महिला विंग जिलाध्यक्ष

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की जिला कार्यकारिणी की बैठक जीआईसी अल्मोड़ा के प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस मौके पर सर्वसम्मति से कीर्ति चटर्जी को महिला विंग का जिलाध्यक्ष एवं शांति जुयाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। दीपक पाण्डेय को जिला आईटी सैल प्रभारी, दीपक बिष्ट को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कार्मिकों की मेहनत की कमाई को सरकार शेयर बाजार के माध्यम से निजी हाथों को सौंप रही है। जिससे उनका भविष्य संकट में है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों का कर्ज माफ करते समय सरकारों को अर्थव्यवस्था की चिंता नहीं होती लेकिन कार्मिकों को पुरानी पेंशन देने पर सरकार अर्थव्यवस्था बिगड़ जाने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ देती है। उन्होंने कहा कि कार्मिक अब अपनी मांगों को लेकर जागरूक हो गए हैं और अब पुरानी पेंशन लेकर ही दम लेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी ने तथा संचालन जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल ने किया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में प्रांतीय कोर कमेटी से धीरेन्द्र पाठक, जिला संयोजक डॉ मनोज जोशी, जिला महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी जोशी, जिला मीडिया प्रभारी नितेश काण्डपाल, धौलादेवी भैसियाछाना ब्लाक संयोजक राजू महरा, हरिवंश बिष्ट, कीर्ति चटर्जी, किरन पाटनी, सुनीता जोशी, हेमा पांडे, कल्पना जोशी, अनिल कांडपाल, गिरीश मठपाल, धीरज जोशी, कविन्द्र उप्रेती, शान्ति देवी, मथुरा दत्त, नन्दाबल्लभ मैनाली, केवल प्रसाद, दीपक पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।




# आपसी विवाद समाप्त करने व नशे के खिलाफ एकजुट होने का खत वासियों ने लिया निर्णय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। खत समाल्टा के लोगों की सामूहिक बैठक सदर स्याणा अर्जुन सिंह तोमर की अध्यक्षता में चालदा महासू मंदिर प्रांगण में आयोजित की गयी। बैठक दो चरणों में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से आपसी विवादों को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। नशे के खिलाफ पूरी खत एकजुट होकर लड़ने का निर्णय लिया गया। तय किया कि गांव स्तर पर बैठकें कर सभी गांव अपने अपने गांव में नशे पर प्रतिबंध लगायें। बैठक को संबोधित करते हुए चालदा महासू मंदिर समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह तोमर ने बताया कि चालदा महासू महाराज के समाल्टा प्रवास के दौरान महाराज के आशीर्वाद, समस्त खतवासियों, खत कर्मचारियों व खत व्यवसायियों के अथक प्रयासों व सम्पूर्ण जौनसार बाबर, हिमांचल के श्रद्धालुओं के सहयोग से 18 माह की प्रवास यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई है। तोमर ने बताया की प्रवास यात्रा के दौरान मन्दिर समिति समाल्टा द्वारा एकत्रित की गई सभी वस्तुओं को सिद्धपीठ श्री महासू देवता मंदिर हलोल मे स्थापित कर दी गई है। बताया कि खतवासियों के द्वारा जो खेत महाराज जी की सेवा के लिए दिये गए थे, वे आबाद कर दिये गए है। साथ ही यह भी बताया की प्रवास यात्रा के दौरान की लेन-देन को समिति द्वारा पूर्ण करते हुए वर्तमान में मंदिर समिति के पास 13, लाख 26 हजार की धनराशि सुरक्षित है। द्वितीय चरण की बैठक में समस्त खतवासियों ने श्री चालदा महासू महाराज जी के प्रवास यात्रा के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं के विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जिसमे समस्त खतवासियों ने सामूहिक रूप से समस्त आपसी विवादों समाप्त करने का निर्णय लिया। बैठक मे नशे की रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया की प्रथम चरण मे प्रत्येक गांव स्याणा अपने-अपने गांव स्तर पर बैठक कर नशे को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करे। ताकि निरंतर बढ़ रहे नशे व नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक का समापन अर्जुन सिंह तोमर सदर स्याणा द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह, पूर्व प्रधान रणवीर सिंह चौहान, एडीओ पंचायत चतर सिंह तोमर, भगत सिंह चौहान, अतर सिंह चौहान, प्रताप सिंह चौहान, केशर सिंह तोमर, केशव राम जोशी आदि उपस्थित रहे।

## सनातन चिरकाल से शास्वत और अपरिवर्तनीय है : डॉ. अतुल

विकासनगर। झाझरा स्थित गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल में सनातन संगम न्यास के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सनातनी धम्मयोजन की ज्योति प्रज्जवलित की गई। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने शिरकत की। आयोजन का शुभारंभ सनातनी पद्धति के अनुसार पं. सुरेश डबराल के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन से हुआ। इसके बाद डॉ. शांता कुमार नेगी द्वारा उद्बोधन एवं बौद्ध मंत्र उच्चारण भजन किया गया। जैन पंडित संदीप सजल द्वारा णमोकार मंत्र उच्चारण किया गया। तत्पश्चात भाई ललित सिंह और भाई मिन्टू सिहं द्वारा सिख धर्म का मूल मंत्र पाठ एवं शबद-कीर्तन किया गया। खेंपो जामयांग जिनपा ने बौद्ध रीति-रिवाज से पूजा की। सनातन संगम न्यास एवं सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने सनातन संगम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सनातन चिरकाल से शाश्वत और अपरिवर्तनीय है। सनातन का संबंध उन सिद्धांतों से है जो किसी व्यक्ति के द्वारा नहीं बनाए गए बल्कि स्वयं प्रकृति ने मानव को उसके धर्म स्वरूप दिए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा, सनातन बहुत व्यापक विषय है। भारत की सनातनी पद्धति में तन के साथ मन का भी सुख निहित है। कहा कि सनातन संगम की इस पुनीत विचारधारा को न केवल शहरों तक सीमीत किया जाए बल्कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाया जाए।

## कुली बेगार नाटक का ? मंचन 30 जनवरी को

अल्मोड़ा। उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन अल्मोड़ा द्वारा शारदा पब्लिक स्कूल में मंगलवार प्रातः 11:00 बजे से कुली बेगार नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कुली बेगार के 103 वर्ष पूर्ण होने पर इस नाटक की प्रस्तुति उत्तरायणी पर्व पर बागेश्वर में भी दी गई थी। कुली बेगार नाटक त्रिभुवन गिरी महाराज द्वारा लिखा गया है और इसका निर्देशन भास्करानंद तिवारी ने किया है। नाटक मंचन में अधिकांश पात्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शारदा पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य विनीता शेखर लखचौरा, विशिष्ट अतिथि बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शेखर लखचौरा, कार्यक्रम के संयोजक कर्नल रवि पांडे, संगठन जिला अध्यक्ष कमलेश पांडे ने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कुली बेगार नाटक में अपनी उपस्थिति दें।

# भारत रक्षा मंच ने डाकपत्थर से विकासनगर तक नशा विरोधी रैली निकाली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। भारत रक्षा मंच ने रविवार को घुसपैठ, नशा, लव जेहाद, लैंड जेहाद और बिजनेस जेहाद के खिलाफ विकासनगर में पदयात्रा निकाली, जिसका बाजार के व्यापारियों ने स्वागत किया। पदयात्रा में मुख्य अतिथि भगत सिंह कोश्यारी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि रक्षा मंच अपने स्थापना काल से देश की आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रभक्ति की जो जन जागृति का अभियान चला रहा है, वह सराहनीय है। कहा कि मंच इसी तरह जन जागृति करके देश की आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान देता रहे। भारत रक्षा मंच ने साढे ग्यारह बजे डाकपत्थर चौक से पद यात्रा शुरू की। पद यात्रा विकासनगर बाजार होते हुए बाबूगढ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में समापन हुआ। इस दौरान जगह जगह लोगों ने पद यात्रा का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत प्रचार प्रमुख संजय ने कहा देशभक्ति का नशा एक ऐसा नशा है, जो समाज मे व्याप्त बुराइयों, अवैध विदेशी घुसपैठ और नशे के खिलाफ लड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है। जो काम भारत रक्षा मंच लगातार प्रयास कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व आईपीएस अधिकारी पुष्पक ज्योति ने कहा कि मंच ने देवभूमि उत्तराखंड में विदेशी अवैध घुसपैठ, नशा, लव जेहाद के खिलाफ जो पहल चलाई है, उस पहल से समाज के हर तबके को जुड़ने की जरूरत है। इस मौके पर प्रदेश संयोजक व संगठन मंत्री आशीष बाजपेयी ने आए हुए अतिथि जनों को साल भेंट कर स्वागत किया। बाजपेयी ने बताया आने वाले मई माह में महिला मंच के कार्यकर्ताओं के द्वारा अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर होल्कर भवन का शुभारंभ किया जाएगा। जहां से उत्तराखंड में महिला विरोधी हो रही घटनाओं को मंच समाज में उठायेगा। मंच का संचालन कर रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मंच महामंत्री विपुल गुप्ता ने सभी का स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रविवार को दूसरे दिन भी टैक्सी चालकों की हड़ताल, यात्री परेशान

अल्मोड़ा। फिटनेस सेंटर का काम निजी हाथों में सौंपे जाने से नाराज टैक्सी चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। परिवहन विभाग के फैसले के विरोध में अल्मोड़ा में टैक्सी संचालन ठप रहा। अल्मोड़ा में फिटनेस सेंटर का काम निजी हाथों में सौंपे जाने से टैक्सी चालकों में आक्रोश है। रविवार को अल्मोड़ा में चालकों और मालिकों की हड़ताल का असर देखने को मिला। टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों ने सवारी ला रही गाडियों को रोका और खाली करवाया। इससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार को अल्मोड़ा टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के करबला तिराहे पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने परमिट टैक्स के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन ने बाहर से सवारी लेकर आ रहे वाहनों को रोककर खाली करवाया। इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री कई घंटे खड़े रहे। किसी तरह यात्रियों को केमू और रोडवेज की बस का सहारा मिला। जिसके बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हो सके। यहां पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार टैक्सी चालकों के साथ गलत कर रही है। उन्होंने सरकार से जल्द नियम को वापस लेने की मांग की। यहां प्रदर्शन करने वालों में टैक्सी यूनियन महासचिव नीरज पवार, विनोद सिंह बिष्ट, आनंद भोज, महेंद्र कनवाल, नंदन सिंह, भरत, पान सिंह, गुड्डू, बबलू, पंकज, बाली, मट्टू, अजय कुमार, चंदन लटवाल, दीपक जोशी, सुंदर, मनोज, मोहन भोज, विकास रावत आदि चालक और मालिक मौजूद रहे।

### महिला थानाध्यक्ष ने काकड़ी घाट क्षेत्र में लगाई जागरूकता चौपाल

अल्मोड़ा। थानाध्यक्ष महिला थाना ने काकड़ी घाट क्षेत्र में जागरूकता चौपाल लगाकर महिलाओं को साईबर क्राईम, महिला अपराध, गौरा शक्ति, हेल्पलाइन नंबर आदि विषयों पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा छात्र-छात्राओं व आमजन को अपराधों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किए जाने हेतु जनपद स्तर पर वृहद जागरूकता अभियान चलाया गया है। शनिवार को महिला थानाध्यक्ष मीना आर्या अल्मोड़ा द्वारा काकड़ी घाट क्षेत्र में महिला समूह द्वारा आयोजित जन जागृति संवाद कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आयी महिलाओं को जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में महिलाओं को वर्तमान में विभिन्न माध्यमों से घटित हो रहे साइबर क्राइम, यातायात नियमों की जानकारी दी गई, नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों, यौन उत्पीडन, घरेलू हिंसा,मानव तस्करी आदि के बारे में बताकर उनके अधिकारों/कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा सोशल मीडिया के प्रयोग के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए गौरा शक्ति मॉड्यूल व इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देकर गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन करवाया गया तथा विषम परिस्थितियों में इसका उपयोग करने हेतु बताया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को नजदीकी थाना/ चौकी के हेल्पलाइन नंबर व पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गई और कोई भी समस्या/शिकायत होने पर तत्काल सूचना देने हेतु बताया गया।

### रानीखेत पुलिस ने केन्द्रीय विद्यालय रानीखेत में चलाया जागरुकता सेशन

अल्मोड़ा। रानीखेत पुलिस ने केन्द्रीय विद्यालय रानीखेत में जागरुकता सेशन चलाकर साइबर क्राइम, सोशल मीडिया, महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबर सहित विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। शनिवार को रानीखेत पुलिस के उपनिरीक्षक बिशन लाल द्वारा हैड कांस्टेबल विमला बिष्ट व महिला कांस्टेबल अंकिता के साथ केन्द्रीय विद्यालय रानीखेत में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं को साईबर क्राईम के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों, यौन उत्पीडन, मानव तस्करी आदि की जानकारी दी गई तथा सोशल मीडिया में किसी भी अनजान व्यक्ति से बात नहीं करने और अपनी जानकारी किसी से शेयर नहीं करने हेतु बताया गया, साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित गौरा शक्ति फीचर के बारे में बताकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को समझाया और एसओएस बटन की उपयोगिता की जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड पुलिस एप की सुविधाओं, हेल्पलाईन नंबर 112, साईबर क्राईम हेल्पलाईन नंबर-1930, महिला हेल्पलाईन नंबर-1090 सहित थाना/चौकी एवं हेल्प डेस्क नंबर की जानकारी देकर किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत होने पर तत्काल सूचना देने हेतु बताया गया।

### सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कार्मिकों के हुए प्रमोशन

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में कार्मिकों की विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा प्रोन्नति हुई है। जिसमें लियाकत अली खान, भुवन राम आर्या और हेम चंद्र पांडे को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पद में प्रोन्नति मिली है। जगमोहन जोशी, गीता रावत, देवेंद्र सिंह धामी, प्रकाश चंद्र सती, शैलेन्द्र कुमार पांडे को प्रसाशनिक अधिकारी से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी में प्रोन्नति मिली है।वहीं कैलाश चंद्र, युगल चंद्र पांडे, मनीष कुमार तिवारी, सागर रौतेला को प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी पद पर प्रोन्नति मिली और शुभम कांडपाल को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर प्रोन्नति मिली है। इन अधिकारियों ने प्रोन्नति मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव डॉ भाष्कर चौधरी आदि के साथ विश्वविद्यालय के कार्मिकों का आभार जताया है।

### सपेरा जाति के पांच शातिर गिरफ्तार

ऋषिकेश। रानीपोखरी और डोईवाला क्षेत्र में चार घरों को खंगालकर नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के आरोप में पुलिस ने सपेरा जाति के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने नकली तमंचा और करीब पांच लाख रुपये की कीमत के गहने बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने दिन में रैकी कर रात में बंद घरों में सेंधमारी की बात कबूल की है।कोतवाल होशियार सिंह के मुताबिक बीते साल एक अक्तूबर को हरीश मोहन डबराल निवासी डोईवाला और इस वर्ष 25 जनवरी को प्रदीप कुमार बड़थ्वाल निवासी भानियावाला ने घर से नगदी और गहनों की चोरी की शिकायत की थी। नवंबर में सुमन प्रकाश निवासी डांडी, रानीपोखरी और चार जनवरी को रानीपोखरी स्थित सारंधरवाला के रहने वाले दिनेश कुमार ने भी बंद घर में चोरी की शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया था। डोईवाला और रानीपोखरी की पुलिस टीम सभी चोरियों के खुलासे में जुटी थी। जौलीग्रांट क्षेत्र से रविवार को चोरी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।